भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1325
जिसका उत्तर शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 को दिया जाना है

## उच्च न्यायालयों में रिक्तियां

**1325. श्रीमती अपरूपा पोद्दार :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्च न्यायालयों में राज्य-वार न्यायाधीशों की कितनी रिक्तियां हैं ;

(ख) पिछले पांच वर्षों में उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित रिक्तियों की वर्ष-वार संख्या कितनी है ;

(ग) क्या यह सच है कि जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में 5,408 पद खाली रह गए हैं, यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) वर्ष 2023 में उच्च न्यायालयों, जिला न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित मामलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

## उत्तर

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और**
**संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) से (ङ) :** उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत पद संख्या, कार्यरत संख्या और रिक्तियों को दर्शित करने वाला राज्यवार विवरण **उपाबंध-1** पर देखा जा सकता है ।

उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के संविधान के अनुच्छेद 217 और अनुच्छेद 224 के अधीन की जाती है, जो किसी जाति या वर्ग के व्यक्तियों हेतु आरक्षण के लिए उपबंध नहीं करते हैं । अत:, उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के बीच से अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यावेदनों से संबंधित प्रवर्ग-वार आंकड़ा केन्द्रीय रूप से नहीं रखा जाता है । उच्चतर न्यायपालिका में किसी जाति या वर्ग के व्यक्तियों के लिए कोई रिक्तियां चिन्हित नहीं हैं ।

तथापि, उच्च न्यायालयों में सामाजिक विविधता से संबंधित आंकड़े का पुनरीक्षित उपाबंध (2018 में पुनरीक्षित) के रूप में संस्थाकरण किया गया है, जिसमें अनुशंसतियों को अपनी सामाजिक पृष्ठभूमि से संबंधित ब्यौरे विहित प्रारूप (उच्चतम न्यायालय के परामर्श से तैयार किया गया) में उपलब्ध कराने होते हैं । इसलिए वर्ष 2018 से आंकड़ा रखा गया है । वर्ष 2018 से नियुक्त किए गए 653 उच्च न्यायालय न्यायाधीशों में से 20 न्यायाधीश अनुसूचित जाति से, 12 न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति से और 77 न्यायाधीश अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं ।

जहां तक जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की रिक्तियों से संबंधित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की संख्या का संबंध है, विभाग द्वारा ऐसा डाटा नहीं रखा जाता । संविधान के अधीन उपबंधों के अनुसार, जिला/अधीनस्थ न्यायपालिका स्तर पर न्यायिक अधिकारियों के चयन, भर्ती और नियुक्ति में केन्द्रीय सरकार की कोई भूमिका नहीं है । संवैधानिक कार्यढांचे के अनुसार, भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 और अनुच्छेद 234 के साथ पठित अनुच्छेद 309 के परंतुक के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संबंधित राज्य सरकार, उच्च न्यायालय के परामर्श से, राज्य न्यायिक सेवा में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति, भर्ती, आदि के मुद्दों से संबंधित नियम और विनियम बनाती है । इस प्रकार, जिला न्यायालयों में न्यायाधीशों का चयन और नियुक्ति संबंधित राज्य सरकारों और उच्च न्यायालयों की जिम्मेदारी है । कुछ राज्यों में संबंधित उच्च न्यायालय भर्ती प्रक्रिया करते हैं, जबकि अन्य राज्यों में, इसे उच्च न्यायालय, राज्य लोक सेवा आयोगों के परामर्श से करते हैं ।

तारीख 5.02.2024 तक, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में 5342 रिक्त पद हैं । जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों के राज्य-वार ब्यौरे **उपाबंध-2** पर दिए गए हैं ।

तारीख 31.12.2023 तक, उच्च न्यायालयों तथा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित मामलों के राज्य-वार ब्यौरे, क्रमशः, **उपाबंध-3** और **उपाबंध-4** पर दिए गए हैं ।

********

**उपाबंध-1**

**भारत के उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत पद संख्या, कार्यरत पद संख्या और रिक्तियों को दर्शित करने वाला विवरण ।**

| | | स्वीकृत पद संख्या | | | कार्यरत पद संख्या | | | रिक्तियां | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क.** | **उच्चतम न्यायालय** | **34** | | | **34** | | | **0** | | |
| **ख.** | **उच्च न्यायालय** | **स्थायी** | **अतिरिक्त** | **कुल** | **स्थायी** | **अतिरिक्त** | **कुल** | **स्थायी** | **अतिरिक्त** | **कुल** |
| 1 | इलाहाबाद | 119 | 41 | 160 | 75 | 14 | 89 | 44 | 27 | 71 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 28 | 9 | 37 | 22 | 8 | 30 | 6 | 1 | 7 |
| 3 | बॉम्बे | 71 | 23 | 94 | 41 | 28 | 69 | 30 | -5 | 25 |
| 4 | कलकत्ता | 54 | 18 | 72 | 37 | 14 | 51 | 17 | 4 | 21 |
| 5 | छत्तीसगढ | 17 | 5 | 22 | 10 | 6 | 16 | 7 | -1 | 6 |
| 6 | दिल्ली | 46 | 14 | 60 | 37 | 5 | 42 | 9 | 9 | 18 |
| 7 | गुवाहाटी | 22 | 8 | 30 | 16 | 7 | 23 | 6 | 1 | 7 |
| 8 | गुजरात | 39 | 13 | 52 | 31 | 0 | 31 | 8 | 13 | 21 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 13 | 4 | 17 | 12 | 0 | 12 | 1 | 4 | 5 |
| 10 | जम्मू-कश्मीर और लद्दाख | 13 | 4 | 17 | 13 | 2 | 15 | 0 | 2 | 2 |
| 11 | झारखंड | 20 | 5 | 25 | 17 | 1 | 18 | 3 | 4 | 7 |
| 12 | कर्नाटक | 47 | 15 | 62 | 39 | 12 | 51 | 8 | 3 | 11 |
| 13 | केरल | 35 | 12 | 47 | 32 | 4 | 36 | 3 | 8 | 11 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 39 | 14 | 53 | 39 | 1 | 40 | 0 | 13 | 13 |
| 15 | मद्रास | 56 | 19 | 75 | 54 | 13 | 67 | 2 | 6 | 8 |
| 16 | मणिपुर | 4 | 1 | 5 | 4 | 0 | 4 | 0 | 1 | 1 |
| 17 | मेघालय | 3 | 1 | 4 | 2 | 1 | 3 | 1 | 0 | 1 |
| 18 | ओडिशा | 24 | 9 | 33 | 20 | 0 | 20 | 4 | 9 | 13 |
| 19 | पटना | 40 | 13 | 53 | 35 | 0 | 35 | 5 | 13 | 18 |
| 20 | पंजाब और हरियाणा | 64 | 21 | 85 | 40 | 15 | 55 | 24 | 6 | 30 |
| 21 | राजस्थान | 38 | 12 | 50 | 34 | 0 | 34 | 4 | 12 | 16 |
| 22 | सिक्किम | 3 | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तेलंगाना | 32 | 10 | 42 | 21 | 5 | 26 | 11 | 5 | 16 |
| 24 | त्रिपुरा | 4 | 1 | 5 | 4 | 1 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | उत्तराखंड | 9 | 2 | 11 | 7 | 0 | 7 | 2 | 2 | 4 |
| | **कुल** | **840** | **274** | **1114** | **645** | **137** | **782** | **195** | **137** | **332** |

***************

**उपाबंध- 2**

**न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पद (तारीख 05.02.2024 तक) ।**

| क्र.सं. | राज्य और संघ राज्यक्षेत्र | रिक्ति |
|---|---|---|
| 1 | अण्डमान और निकोबार | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 84 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 10 |
| 4 | असम | 46 |
| 5 | बिहार | 467 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ | 139 |
| 8 | डी एंड एन हवेली | 1 |
| 9 | दमन और दीव | 0 |
| 10 | दिल्ली | 89 |
| 11 | गोवा | 10 |
| 12 | गुजरात | 535 |
| 13 | हरियाणा | 208 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 22 |
| 15 | जम्मू - कश्मीर | 94 |
| 16 | झारखंड | 182 |
| 17 | कर्नाटक | 229 |
| 18 | केरल | 91 |
| 19 | लद्दाख | 7 |
| 20 | लक्षद्वीप | 1 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 295 |
| 22 | महाराष्ट्र | 250 |
| 23 | मणिपुर | 10 |
| 24 | मेघालय | 42 |
| 25 | मिजोरम | 28 |
| 26 | नागालैंड | 10 |
| 27 | ओडिशा | 216 |
| 28 | पुदुचेरी | 19 |
| 29 | पंजाब | 112 |
| 30 | राजस्थान | 300 |
| 31 | सिक्किम | 12 |
| 32 | तमिलनाडु | 334 |
| 33 | तेलंगाना | 115 |
| 34 | त्रिपुरा | 21 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 1250 |
| 36 | उत्तराखंड | 29 |
| 37 | पश्चिमी बंगाल | 96 |
| **कुल** | | **5342** |

**उपाबंध-3**

**उच्च न्यायालयों में लंबित मामले (तारीख 31.12.2023 तक)**

| **उच्च न्यायालयों में लंबित मामले** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **उच्च न्यायालय** | **तारीख 31.12.2023 तक लंबित मामले (कुल)** |
| 1 | इलाहाबाद उच्च न्यायालय | 1076554 |
| 2 | बॉम्बे उच्च न्यायालय | 712430 |
| 3 | कलकत्ता उच्च न्यायालय | 195379 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | गुवाहाटी उच्च न्यायालय | 62441 |
| 5 | तेलंगाना राज्य हेतु उच्च न्यायालय | 248387 |
| 6 | आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय | 249643 |
| 7 | छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय | 90463 |
| 8 | दिल्ली उच्च न्यायालय | 128122 |
| 9 | गुजरात उच्च न्यायालय | 169048 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय | 99545 |
| 11 | जम्मू - कश्मीर उच्च न्यायालय | 44243 |
| 12 | झारखण्ड उच्च न्यायालय | 85790 |
| 13 | कर्नाटक उच्च न्यायालय | 288889 |
| 14 | केरल उच्च न्यायालय | 255278 |
| 15 | मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय | 446348 |
| 16 | मणिपुर उच्च न्यायालय | 4631 |
| 17 | मेघालय उच्च न्यायालय | 1125 |
| 18 | पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय | 441070 |
| 19 | राजस्थान उच्च न्यायालय | 672193 |
| 20 | सिक्किम उच्च न्यायालय | 179 |
| 21 | त्रिपुरा उच्च न्यायालय | 1275 |
| 22 | उत्तराखंड उच्च न्यायालय | 50532 |
| 23 | मद्रास उच्च न्यायालय | 542700 |
| 24 | उड़ीसा उच्च न्यायालय | 148447 |
| 25 | पटना उच्च न्यायालय | 197663 |
| **कुल** | | **6212375** |

स्रोत: एनजेडीजी

**उपाबंध-4**

**जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में राज्य-वार लंबित मामले (तारीख 31.12.2023 तक)**

| **तारीख 31.12.2023 तक जिला न्यायालयों में लंबित मामले** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **कुल** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 864945 |
| 2 | तेलंगाना | 917595 |
| 3 | अंडमान और निकोबार | 8767 |
| 4 | अरूणाचल प्रदेश | 4149 |
| 5 | असम | 453536 |
| 6 | बिहार | 3588892 |
| 7 | चंडीगढ़ | 148414 |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 410579 |
| 9 | दिल्ली | 1224273 |
| 10 | दीव और दमन | 3073 |
| 11 | सिलवासा स्थित डीएनएच | 4251 |
| 12 | गोवा | 57178 |
| 13 | गुजरात | 1589468 |
| 14 | हरियाणा | 1433041 |
| 15 | हिमाचल प्रदेश | 573610 |
| 16 | जम्मू -कश्मीर | 290206 |
| 17 | झारखंड | 542976 |
| 18 | कर्नाटक | 1941571 |
| 19 | केरल | 1830917 |
| 20 | लद्दाख | 1328 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 2004570 |
| 22 | महाराष्ट्र | 5200315 |
| 23 | मणिपुर | 13070 |
| 24 | मेघालय | 16214 |
| 25 | मिजोरम | 5566 |
| 26 | नागालैंड | 2834 |
| 27 | ओडिशा | 1612195 |
| 28 | पुदुचेरी | 34079 |
| 29 | पंजाब | 851182 |
| 30 | राजस्थान | 2310988 |
| 31 | सिक्किम | 1664 |
| 32 | तमिलनाडु | 1449005 |
| 33 | त्रिपुरा | 45379 |
| 34 | लक्षद्वीप संघ राज्यक्षेत्र | 0 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 11626796 |
| 36 | उत्तराखंड | 358032 |
| 37 | पश्चिमी बंगाल | 2988822 |
| **कुल** | | **44409480** |

स्रोत : एनजेडीजी

**************